सत्यमेव जयते

## बिहार विधान सभा

## की

# शून्यकाल समिति

# का

# 99वाँ प्रतिवेदन

# ग्रामीण कार्य विभाग

(बिहार विधान सभा की शून्यकाल समिति द्वारा प्रकाशित)

(दिनांक 28 मार्च, 2023 ई0 को सदन में उपस्थापित)

विषय–सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. शून्यकाल समिति के सदस्यों तथा शून्यकाल समिति शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची। | .. .. | क |
| 2. प्राक्कथन | .. .. | ख |
| 3. प्रतिवेदन | .. .. | 1–5 |
| 4. परिशिष्ट | I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XIII, XIV, XV, XVI, XVII, XVIII, XIX, XX, XXI ,एवं XXII | 6–27 |

# प्राक्कथन

मैं, सभापति, शून्यकाल समिति बिहार विधान सभा, पटना की हैसियत से सप्तदश बिहार विधान सभा में ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित द्वितीय सत्र के विभिन्न तिथियों में माननीय सदस्य श्री कुमार शैलेन्द्र, स0वि0स0, श्री जय प्रकाश यादव, स0वि0स0, श्री सुधाकर सिंह, स0वि0स0, श्रीमती शालिनी मिश्रा, स0वि0स0, श्री चेतन आनंद, स0वि0स0, श्री विजय कुमार, स0वि0स0, श्री कृष्णनंदन पासवान, स0वि0स0, श्रीमती भागीरथी देवी, स0वि0स0, श्रीमती वीणा सिंह, स0वि0स0, श्री राजवंशी महतो, स0वि0स0, श्री शमीम अहमद, स0वि0स0, श्री विनय बिहारी, स0वि0स0, श्रीमती रश्मि वर्मा, स0वि0स0, श्री अवध बिहारी चौधरी, माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा एवं श्री चेतन आनंद, स0वि0स0 द्वारा सदन में लाये गये शून्यकाल सूचनाओं पर शून्यकाल समिति का 99 वाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ ।

ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ऊपर वर्णित माननीय सदस्यों से प्राप्त शून्यकाल सूचनाओं के निष्पादन में विभागीय पदाधिकारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया है।

अंत में प्रतिवेदन तैयार करने में समिति के सभी माननीय सदस्यों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों, जिन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेकर यह कार्य कुशलतापूर्वक संपन्न किया है, को भी मैं धन्यवाद देता हूँ ।

---

नीतीश मिश्रा,
सभापति,
शून्यकाल समिति,
बिहार विधान सभा।

# प्रतिवेदन

सत्रहवीं बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र में ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित पूछे गये कुल शून्यकाल सूचनाओं की संख्या 126 है। जिसमें से अभीतक 32 माननीय सदस्यों के शून्यकाल सूचनाओं का उत्तर बिहार विधान सभा को प्राप्त हुआ है। शून्यकाल समिति की समीक्षा बैठकों में कुल 22 शून्यकाल सूचनाओं के उत्तर को कार्यान्वित माना गया है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:—

| क्र0सं0 | माननीय सदस्यों के नाम। | शून्यकाल के विषय | सदन में उपस्थापन की तिथि। | विभाग को भेजे गये पत्रांक। | विभाग से प्राप्त उत्तर का पत्रांक एवं दिनांक। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कुमार शैलेन्द्र | भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड में पहाड़पुर ढाला और तेलडीहा ग्राम के बीच में मरकोशी घाट है जिसके वजह से तेलडीहा गाँव के लोग अभी भी प्रखण्ड मुख्यालय पाँच महीने नहीं जा पाते हैं। मरकोशी घाट पर पुल बनाने की मांग के संबंध में। | 24.02.2021 | 04/21–524<br>01.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–838, दिनांक–08.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–1) |
| 2 | श्री जय प्रकाश यादव | अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के चकदरहामील चौक से रेवाहीपथराहा तक वर्षों पूर्व ग्रामीण कार्य विभाग से निर्मित सड़क बेहद खराब स्थिति में है। उक्त सड़क के संकरा होने के चलते आवागमन में आमजनों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वर्णित सड़क की मरम्मती एवं चौड़ीकरण की मांग के संबंध में। | 25.02.2021 | 05/21–550<br>02.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग पत्रांक–840, दिनांक 08.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–02) |
| 3 | श्री सुधाकर सिंह | कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखण्डान्तर्गत जमुरना ग्राम में दुर्गावती नदी पर पुल नहीं होने से आम जनता को नदी पार करने में काफी कठिनाई होती है। जमुरना ग्राम के पास दुर्गावती नदी पर 4 21.75 लम्बा पुल का निर्माण कराने के संबंध में। | 25.02.2021 | 06/21–551<br>02.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग पत्रांक–1059, दिनांक–14.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–03) |

| क्र0सं0 | माननीय सदस्यों के नाम। | शून्यकाल के विषय | सदन में उपस्थापन की तिथि। | विभाग को भेजे गये पत्रांक। | विभाग से प्राप्त उत्तर का पत्रांक एवं दिनांक। |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | श्रीमती शालिनी मिश्रा | पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड मुख्यालय से बथना व मठिया पंचायत को जोड़नेवाली सड़क में रुखवा नदी पर पुल नहीं रहने से चचरी पुल ही लोगों के आवागमन का सहारा है जिसके बरसात में बह जाने पर आवागमन बाधित हो जाता है। रुखवा नदी पर पुल का निर्माण कराने के संबंध में । | 26.02.2021 | 06/21–674<br>05.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग पत्रांक–810, दिनांक–08.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–04) |
| 5 | श्री चेतन आनंद | शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर प्रखंड के फतेहपुर चौक एन0एच0–104 से कहतरवा बाजार होते हुए मुंशी चौक तक ग्रामीण सड़क को पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण करने की मांग के संबंध में। | 01.03.2021 | 07/21–718<br>09.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग पत्रांक–814, दिनांक–08.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–06) |
| 6 | श्री जय प्रकाश यादव | अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के घूरणा बाजार से सटे सीमा सुरक्षा रोड से घूरणा ओ0पी0 के पास नेपाल सीमा तक का रोड 2008 के बाढ़ में क्षतिग्रस्त होकर नाला के रूप में तब्दील हो गया है। उक्त रोड को बनवाने की मांग के संबंध में। | 03.03.2021 | 09/21–674<br>13.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–999, दिनांक–11.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त । (परिशिष्ट–6) |
| 7 | श्री विजय कुमार | लखीसराय जिलान्तर्गत चेवाड़ा–बिल्लो रोड में सोम नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का पुनर्निर्माण कराने की मांग के संबंध में। | 04.03.2021 | 10/21–796<br>10.03.2021 | पथ निर्माण विभाग ज्ञापांक–232(5), दिनांक–29.04.2021 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में हस्तांतरण ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–839, दिनांक–08.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–07) |

| क्र0सं0 | माननीय सदस्यों के नाम। | शून्यकाल के विषय | सदन में उपस्थापन की तिथि। | विभाग को भेजे गये पत्रांक। | विभाग से प्राप्त उत्तर का पत्रांक एवं दिनांक। |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | श्री कृष्णनंदन पासवान | पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया ऐतिहासिक गँधीघाट से 5000 जनसंख्या वाली मझार गाँव की दूरी सात किलो मीटर है, गँधीघाट धनौती नदी पर पुल निर्माण से एक किलो मीटर प्रखण्ड, अंचल, थाना, अस्पताल की दूरी मझार गाँव से रह जाएगी । गँधीघाट धनौती नदी पर पुल निर्माण कराने के संबंध मे । | 05.03.2021 | 11/21–934 15.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–3874, दिनांक–18.07.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त । (परिशिष्ट–08) |
| 9 | श्रीमती भागीरथी देवी | बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामनगर के ग्राम–बलूवा बसरहा के सिंगाही बेलबगल तक पक्की पथ बन जाने के बाद जगह–जगह पुलिया नहीं होने से आमजन को काफी कठिनाईयां हो रही है। पथ मे पुलिया बनाये जाने के संबंध में । | 09.03.2021 | 13/21–1002 19.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–1002, दिनांक–11.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट–09) |
| 10 | श्री जय प्रकाश यादव | अररिया जिला के नरपतगंज प्रखण्ड अन्तर्गत फरही पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुण्डीलपुर से मुसहरी टोला होते हुए पुराना 17 नम्बर सड़क के पक्कीकरण एवं पुल निर्माण की मांग के संबंध में। | 10.03.2022 | 14/21–991 18.03.2022 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–325, दिनांक–19.01.2022 से उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–10) |
| 11 | श्रीमती वीणा सिंह | वैशाली जिला के महनार नगर परिषद् के फतेहपुर मे नहर के ऊपर बांस के पुल होने की वजह से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा वार्ड–06, 08,19,20,21,27 के लोगो की खेती प्रभावित होती है। वहाँ पक्का पुल का निर्माण करवाने के संबंध में । | 15.03.2022 | 16/21–1099 25.03.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–322, दिनांक–19.01.2022 से उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट–11) |

| क्र0म0 | माननीय सदस्यों के नाम। | शून्यकाल के विषय | सदन में उपस्थापन की तिथि। | विभाग को भेजे गये पत्रांक। | विभाग से प्राप्त उत्तर का पत्रांक एवं दिनांक। |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | श्री राजवंशी महतो | बेगूसराय जिलान्तर्गत रामपुर पुल के रामपुर चौक तक संकीर्ण सड़क से भारी वाहनों के आवागमन मे हो रही गतिरोध को समाप्त करने हेतु पथ की जनहित मे चौड़ीकरण करने के संबंध में। | 16.03.2021 | 17/21—1241<br>06.04.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक—404, दिनांक—21.01.2022 से उत्तर प्राप्त (परिशिष्ट—12) |
| 13 | श्री शमीम अहमद | पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत बंजरिया प्रखण्ड के सुन्दरपुर घाट के बूढ़ी गंडक नदी के ऊपर पुल नहीं रहने से नौ पंचायत के हजारो लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उक्त स्थान पर आर0सी0सी0 पुल निर्माण कराने के संबंध में । | 17.03.2021 | 18/21—1616<br>11.06.2021 | पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक—4177(5), दिनांक—18.08.2021 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में हस्तांतरण ग्रामीण कार्य के पत्रांक—922, दिनांक—10.02.2022 के द्वारा उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट—13) |
| 14 | श्री विनय बिहारी | लौरिया प्रखंड स्थित दनियाल परसौना तथा बेलवा—लखनपुर पंचायत को जोड़ने हेतु गंडक पर शीघ्र सेतु बनाने के संबंध मे । | 17.03.2021 | 18/21—1595<br>10.06.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक—937, दिनांक—10.02.2022 से उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट—14) |
| 15 | श्रीमती शालिनी मिश्रा | पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंडान्तर्गत बाबा केसरनाथ का प्राचीन मंदिर का विकास नहीं हुआ है। बाबा केसरनाथ मंदिर तक सड़क निर्माण एवं अन्य पर्यटकीय विकास कराये जाने की मांग के संबंध मे। | 17.03.2021 | 18/21—1596<br>10.06.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक—399, दिनांक—21.01.2022 से उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट—15) |
| 16 | श्रीमती वीणा सिंह | वैशाली जिला अंतर्गत चमरहरा (महनार रेलवे स्टेशन) से सलहा (हाजीपुर—जन्दाहा मार्ग) तक की मुख्य मार्ग की हालत काफी जर्जर है, उक्त सड़क की चौड़ीकरण कर उसे नये सिरे से और मजबूती से बनवाने के संबंध में । | 17.03.2021 | 18/21—1607<br>11.06.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक—401, दिनांक—21.01.2022 से उत्तर प्राप्त । (परिशिष्ट—16) |

| क्र०सं० | माननीय सदस्यों के नाम। | शून्यकाल के विषय | सदन में उपस्थापन की तिथि। | विभाग को भेजे गये पत्रांक। | विभाग से प्राप्त उत्तर का पत्रांक एवं दिनांक। |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | श्रीमती रश्मि वर्मा | पश्चिमी चम्पारण के लौरिया प्रखंड के देऊरा पंचायत के गांव सीतापुर एवं पंचायत गनौली डुमरा के गांव डुमरा के पास सिकरहना नदी पर पुल का निर्माण कराने के संबंध में । | 18.03.2021 | 19/21–1425<br>13.04.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–402, दिनांक–21.01.2022 से उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट–17) |
| 18 | श्रीमती भागीरथी देवी | बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड गौनाहा के ग्राम–बजड़ा से पडरौना आनेवाली पथ आजादी के समय से कच्ची है। कच्ची पथ के पक्की बनाये जाने की मांग के संबंध में । | 19.03.2021 | 20/21–1352<br>09.04.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–403, दिनांक–21.01.2022 से उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट–18) |
| 19 | श्रीमती शालिनी मिश्रा | पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत संग्रामपुर प्रखंड के ग्राम–दरियापुर में जलनिकासी हेतु नाला नहीं है। जिससे सड़क एवं यत्र-तत्र जल-जमाव रहता है जिससे मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। दरियापुर ग्राम में जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कराने के संबंध में । | 19.03.2021 | 20/21–1353<br>09.04.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–811, दिनांक–08.02.2022 से उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट–19) |
| 20 | श्री अवध बिहारी चौधरी **(माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा)** | सिवान जिला अन्तर्गत टरवी मौजे बड़ईया टोला और बिन्दुसार गांव के बीच ओरमा मौजे के सामने नदी पर तथा नवीगंज और जिगना के बीच दाहा नदी पर पुल का निर्माण, जो ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत आता है। जनहित मे उक्त तीनों पुलों का निर्माण करने के संबंध मे। | 19.03.2021 | 20/21–1350<br>09.04.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–1001, दिनांक–11.02.2022 से उत्तर प्राप्त । (परिशिष्ट–20) |
| 21 | श्री जय प्रकाश यादव | अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज के भंगही पंचायत स्थित डुमरिया चौक से नवाबगंज होते हुए सीमा सुरक्षा रोड तक की सड़क के पक्कीकरण करने की मांग के संबंध में। | 23.03.2021 | 21/21–1494<br>28.04.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–328, दिनांक–19.01.2022 से उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट–21) |
| 22 | श्री चेतन आनंद | शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर ब्लॉक होते हुए शाहपुर चौक माया सुगिया बाजार परदेशिया तक ग्रामीण विभाग के सड़क को आर०डब्ल्यू०डी० मे अधिग्रहण करने की मांग के संबंध में । | 23.03.2021 | 21/21–1488<br>28.04.2021 | ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–813, दिनांक–08.02.2022 से उत्तर प्राप्त। (परिशिष्ट–22) |

शून्यकाल सूचनाओं का प्रति उत्तर विभाग द्वारा ससमय उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में शून्यकाल के विषय अप्रासंगिक हो जाता है। सदन में उठाये गये शून्यकाल का विषय अत्यन्त महत्वपूर्ण लोक महत्व का होने के साथ–साथ तात्कालिक होता है। ऐसी स्थिति में समिति भविष्य में विभाग द्वारा ससमय शून्यकाल सूचनाओं का उत्तर बिहार विधान सभा सचिवालय को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा रखती है।

सभापति,
नीतीश मिश्रा,
शून्यकाल समिति,
बिहार विधान सभा, पटना ।

**परिशिष्ट–I**

**सं0 10/अ0प्र0–7–13/21–838**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

ई0 अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 08 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–04/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री कुमार शैलेन्द्र द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल सं0–04/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 04/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | नवगछिया |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री कुमार शैलेन्द्र |
| 4 | विषय | भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड में पहाड़पुर ढाला और तेलडीहा ग्राम के बीच मरकोशी धार है जिसके वजह से तेलडीहा गाँव के लोग अभी भी प्रखंड मुख्यालय पाँच महीने नहीं जा पाते हैं। अतः सरकार से मरकोशी धार पर पुल बनाने की मांग करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पुल के निर्माण हेतु चेक लिस्ट प्राप्त हुआ है। तकनीकी समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी । |

विश्वासभाजन,
अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख।

परिशिष्ट–II

सं0 10/अ0प्र0–7–15/21–840

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

प्रेषक

ई0 अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 08 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–05/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री जय प्रकाश यादव, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल सं0–05/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 05/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | फारबिसगंज |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री जय प्रकाश यादव |
| 4 | विषय | अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के चकरदहामील चौक से रेवाही पथरहा तक वर्षों पूर्व ग्रामीण कार्य विभाग से निर्मित सड़क बेहद खराब स्थिति में है। उक्त सड़क के सकरा होने के चलते आवागमन में आमजनों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।<br>वर्णित सड़क की मरम्मती एवं चौड़ीकरण का मांग सदन से करता हूँ। |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित चकरदहामील चौक से रेवाही पथरहा तक मरम्मती सड़क शीर्ष PMGSY-III सर्वे हो गया है NRIDA ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृति उपरांत चौड़ीकरण मजबूतीकरण पुल–पुलिया सहित अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा । |

विश्वासभाजन,
अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख।

## परिशिष्ट–III

## बिहार विधान सभा

## शून्यकाल प्रश्न सं0–05/21

**श्री सुधाकर सिंह**—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि "कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंडान्तर्गत जमुरना ग्राम में दुर्गावती नदी पर पुल नहीं होने से आम जनता को नदी पार करने में काफी कठिनाई होती है, जमुरना ग्राम के पास दुर्गावती नदी पर 4x21.75 लम्बा पुल का निर्माण करावें ।

**प्रभारी मंत्री**—वस्तुस्थिति यह है कि जमुरना ग्राम को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित पथ T05 से कान्ही पथ (पैकेज संख्या–BR-05R-207) से सम्पर्कता प्राप्त है। जमुरना गाँव तीन तरफ से दुर्गावती नदी से घिरा हुआ है। नदी के दूसरे तरफ के बसवाट बरैठा एवं मोहम्मदपुर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित पथ T01 चौरसिया से बरैठा पथ (पैकेज संख्या–BR05-61) से सम्पर्कता प्राप्त है। चूंकि नदी के दोनों तरफ के बसावट को सम्पर्कता प्राप्त है। इस पुल के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

# परिशिष्ट–IV

**सं0 10/अ0प्र0–7–2/21–810**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 08 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–06/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती शालिनी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–06/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 06/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | चकिया । |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती शालिनी मिश्रा । |
| 4 | विषय | पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड मुख्यालय से बथना व मठिया पंचायत को जोड़नेवाली सड़क में रघवा नदी पर पुल नहीं रहने से चचरी पुल ही लोगों के आवागमन का सहारा है, जिससे बरसात में बह जाने पर आवागमन बाधित हो जाता है।<br>रघवा पदी पर पुल का निर्माण कराया जाय । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित बसावट हामिदपुर को शीर्ष 3054 एम0 आर0 अन्तर्गत निर्मित पथ केसरिया से बथना माफी से एवं दूसरी तरफ अवस्थित प्रदूमन छपरा को जी0टी0एस0एन0वाई0 अन्तर्गत निर्मित पथ कैलाश सहनी से पी0 एम0जी0एस0वाई0 सड़क मठ से सम्पर्कता प्राप्त है। पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है।<br>अतः पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

## परिशिष्ट–V

**सं0 10/अ0प्र0–7–34/21–814**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 08 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–07/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री चेतन आनन्द द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–07/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 07/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | शिवहर । |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री चेतन आनन्द । |
| 4 | विषय | मैं शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर प्रखंड के फतेपुर चौक एन0एच0–104 से कहतरवा बाजार होते हुए मुंशी चौक तक ग्रामीण सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने की सरकार से माँग करता हूँ। |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ फतेहपुर चौक एन0एच0–104 से कहतरवा बाजार होते हुए मुंशी चौक तक पथ की लम्बाई 12.60 कि0मी0 है, जिसमें से 0.00 से 8.50 कि0मी0 तक पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि में है एवं शेष 8.50 कि0मी0 से 12.60 कि0मी0 तक पथ का मरम्मती कार्य नई अनुरक्षण नीति–2018 अन्तर्गत करायी जा रही है। इस परिस्थिति में पथ का हस्तान्तरण करना संभव नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–VI**

**सं0 10/अ0प्र0–7–41/21–999**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

ई0 अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 11 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–09/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री जय प्रकाश यादव, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल सं0–09/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 09/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | फारबिसगंज |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री जय प्रकाश यादव । |
| 4 | विषय | अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के घुरणा बाजार से सटे सीमा सुरक्षा रोड से घुरणा ओ0पी0 के पास नेपाल सीमा तक का रोड 2008 के बाढ़ में क्षतिग्रस्त होकर नाला का रूप में तब्दील हो गया है। उक्त रोड को बनवाने की माँग मैं सदन के माध्यम से करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि घुरणा बाजार से सटे सीमा सुरक्षा रोड से घुरणा ओ0पी0 के पास नेपाल सीमा तक पथ PMGSY-II अन्तर्गत घुरणा से जयनगर भाया अचरा के नाम से निर्माणाधीन है। |

विश्वासभाजन,
अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–VII**

**सं0 10/अ0प्र0–7–107/21–839**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

ई0 अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 08 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–10/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री विजय कुमार द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल सूचना सं0–10/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 10/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | लखीसराय |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री विजय कुमार |
| 4 | विषय | लखीसराय जिलान्तर्गत चेवाड़ा–बिल्लो रोड में सोम नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का जनहित में पुनर्निर्माण कराने की माँग करता हूँ। |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पुल का निर्माण नाबार्ड राज्य योजना अन्तर्गत स्वीकृत है, जो निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है। कार्यावंटन के उपरांत निर्माण कार्य कराया जायेगा । |

अनुरोध है कि बिहार विधान सभा के उक्त लंबित शून्यकाल सूचना की सूची में से ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित उक्त शून्यकाल सूचना को विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–VIII**

**सं0 10/अ0प्र0–7–46/21–3874**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 18 जुलाई, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–11/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री कृष्णनन्दन पासवान द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–11/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 11/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | मोतिहारी |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री कृष्णनन्दन पासवान |
| 4 | विषय | पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया ऐतिहासिक गाँधीघाट से 5000 जनसंख्या वाली मझार गाँव की दूरी सात किलो मीटर है, गाँधीघाट धनौती नदी पर पुल निर्माण से एक किलो मीटर प्रखंड, अंचल, थाना, अस्पताल की दूरी मझार गाँव से रह जाएगी ।<br>मैं सरकार से माँग करता हूँ कि गाँधीघाट धनौती नदी पर पुल निर्माण करावें । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पुल स्थल तुरकौलिया मन से संबंधित है। पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित मझार बसावट को एम0एम0जी0 एस0वाई0 पथ एल027 से मझार से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरी तरफ पथ निर्माण विभाग का पथ है। पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है।<br>अतः पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

# परिशिष्ट–IX

सं0 10/अ0प्र0–7–64/21–1002

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 11 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–13/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती भागीरथी देवी द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–13/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 13/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | बगहा–1 |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती भागीरथी देवी |
| 4 | विषय | बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामनगर के ग्राम–बलूवा बखराहा के सिंगही बेल बाग तक पक्की पथ बन जाने के बाद जगह–जगह पुलियाँ नहीं होने से आमजन को काफी कठिनाई हो रही है।<br>मैं मांग करती हूँ कि पथ में पुलिया बनाई जाए । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि पथ का वास्तविक नाम बलुआ बंगला टोला भाया सिंघाई है, जिसकी लम्बाई 2.87 कि0मी0 है। पथ का मरम्मती कार्य नई अनुरक्षण नीति–2018 अन्तर्गत किया गया है। बरसात के दिनों में दोन क्षेत्र में पहाड़ी पानी अचानक आने के कारण छोटा नदी का रूप ले लेती है। पथ के चैनेज 2.2 कि0मी0 पर 10 मी0 लम्बे, चैनेज 2.4 कि0मी0 पर 10 मी0 लम्बे एवं चैनेज 2.6 कि0मी0 पर 15 मी0 लम्बे पुल की आवश्यकता है। संबंधित कार्यपालक अभियंता से टेक्नोफिजीबिलिटी प्रतिवेदन की मांग की गई है। तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–X**

**सं0 10/अ0प्र0–7–66/21–325**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

ई0 अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 19 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–14/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री जय प्रकाश यादव, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल सं0–14/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 14/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | फारबिसगंज |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री जय प्रकाश यादव |
| 4 | विषय | अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड अन्तर्गत फरही पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुण्डीलपुर से मुसहरी टोला होते हुए पुराना 17 नम्बर सड़क तक की सड़क को पक्कीकरण एवं पुल का निर्माण की मांग सदन के माध्यम से करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पथ फरही पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय,कुण्डीलपुर से मुसहरी टोला होते हुए पुराना 17 नम्बर सड़क शीर्ष **MMGSY** योजनान्तर्गत चतुरीसाह टोला से गरीब दास टोला पूर्व नहर तक पथ के नाम से निविदा की प्रक्रिया में है। निविदा निष्पादन के पश्चात् निर्माण कार्य कराया जाना संभव हो सकेगा । |

विश्वासभाजन,
अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–XI**

**सं0 10/अ0प्र0–7–55/21–322**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 19 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–16/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती वीणा सिंह द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–16/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 16/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | महनार |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती वीणा सिंह |
| 4 | विषय | वैशाली जिला के महनार नगर परिषद् के फतेहपुर में नहर के ऊपर बांस के पुल होने की वजह से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा वार्ड 06, 08, 19, 20, 21, 27 के लोगों की खेती प्रभावित होती है। अतः सरकार वहां पक्का पुल का निर्माण करवाए । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर अवस्थित नहीं है। प्रश्नाधीन बांस का पुल गंगा नदी की उप–धारा पर अवस्थित है। पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित फतेहपुर गाँव है, जिसे पी0सी0सी0 सड़क से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरी तरफ खेती योग्य भूमि है। खेतीवारी करने हेतु बांस के पुल का उपयोग किया जाता है। सम्प्रति पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

परिशिष्ट–XII

सं0 10/अ0प्र0–7–80/21–404

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 21 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–17/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री राजवंशी महतो द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–17/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 17/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | मंझौल–बखरी |
| 3 | प्रश्नकर्त्ता मा0स0वि0स0 | श्री राजवंशी महतो |
| 4 | विषय | बेगूसराय जिलान्तर्गत रामपुर पुल के रामपुर चौक तक संकीर्ण सड़क से भारी वाहनों के आवागमन में हो रही गतिरोध को समाप्त करने हेतु पथ की जनहित में चौड़ीकरण करने की मांग करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ एम0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित है, जो अनुरक्षण अवधि से बाहर है। पथ मरम्मती एवं चौड़ीकरण हेतु नई अनुरक्षण नीति, 2018 के अन्तर्गत डी0पी0आर0 तैयार कर लिया गया है। तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी । |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–XIII**

**सं0 10/अ0प्र0–7–156/21–922**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 10 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–18/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री शमीम अहमद द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–18/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 18/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | मोतिहारी |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री शमीम अहमद |
| 4 | विषय | पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत बंजरिया प्रखण्ड के सुन्दरपुर घाट के बूढ़ी गंडक नदी के ऊपर पुल नहीं रहने से नौ पंचायत के हजारों लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।<br>अतः हम सरकार से माँग करते हैं कि उक्त स्थान पर आर0सी0सी0 पुल निर्माण करावें । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल के निर्माण हेतु पकड़ीया टोला सुन्दरपुर नया टोला होते हुए सुन्दरपुर घाट पथ का सर्वेक्षण छूटे हुए बसावट अन्तर्गत किया गया है। तदनुसार पथ के साथ पुल निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी । |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–XIV**

**सं0 10/अ0प्र0–7–135/21–937**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 10 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–18/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री विनय बिहारी द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–18/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 18/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | बगहा–1 |
| 3 | प्रश्नकर्त्ता मा0स0वि0स0 | श्री विनय बिहारी |
| 4 | विषय | लौरिया प्रखंड स्थित दनियाल परसौना तथा बेलवा–लखनपुर पंचायत को जोड़ने हेतु गंडक पर सरकार शीघ्र सेतु बनावें । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन स्थल पर बुढ़ी गंडक नदी की चौड़ाई लगभग 200 मी0 है। पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है। पुल स्थल के एक तरफ स्थित दनियाल से परसौना पथ के मरम्मती हेतु नई अनुरक्षण नीति–2018 अन्तर्गत निविदा प्राप्त कर ली गई है, जो निष्पादन की प्रक्रिया में है तथा पुल स्थल के दूसरी तरफ बेलवा–लखनपुर पथ का मरम्मती कार्य नई अनुरक्षण नीति–2018 के अन्तर्गत कराया जा चुका है।<br>अतः पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–XV**

**सं0 10/अ0प्र0–7–134/21–399**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 21 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–18/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती शालिनी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–18/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 18/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | चकिया |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती शालिनी मिश्रा |
| 4 | विषय | पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत केसरिया प्रखंडान्तर्गत बाबा केसरनाथ का प्राचीन मंदिर का विकास नहीं हुआ है।<br>अतः बाबा केसरनाथ मंदिर तक सड़क निर्माण एवं अन्य पर्यटकीय विकास कराये जाने की मांग करती हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ का सर्वेक्षण कार्य छूटे हुए बसावट अन्तर्गत किया गया है। तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–XVI**

**सं0 10/अ0प्र0–7–136/21–401**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 21 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–18/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती वीणा सिंह द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–18/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 18/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | महनार |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती वीणा सिंह |
| 4 | विषय | वैशाली जिला अंतर्गत चमरहरा (महनार रेलवे स्टेशन) से सलहा (हाजीपुर–जन्दाहा मार्ग) तक की मुख्य मार्ग की हालत काफी जर्जर है। अतः सरकार उक्त सड़क की चौड़ीकरण कर उसे नये सिरे से और मजबूती से बनवायें । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि महनार रेलवे स्टेशन से सलहा चौक एन0एच0–103 तक जानेवाली सड़क बाढ़ क्षतिग्रस्त पॉट हॉल को ब्रिक वैट से भर कर मोटरेबुल किया गया है। पथ के पुनर्निर्माण के लिए पी0एम0जी0 एस0वाई0 फेज–3 योजनातर्गत प्रस्तावित है। तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी । |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

# परिशिष्ट–XVII

सं0 10/अ0प्र0–7–93/21–402

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 21 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–19/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती रश्मि वर्मा द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–19/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 19/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | बगहा–1 |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती रश्मि वर्मा |
| 4 | विषय | पश्चिमी चम्पारण के लौरिया प्रखंड के देऊरा पंचायत के गाँव सीतापुर एवं पंचायत गनौली डुमरा के गाँव डुमरा के पास सिकरहना नदी पर पुल का निर्माण कराने की मांग करती हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल के स्थल के एक तरफ अवस्थित बसावट सीतापुर को पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ पी0डब्लू0डी0 रामनगर से परसौनाडीह से एवं दूसरी तरफ अवस्थित डुमरा को पी0एम0जी0 एस0वाई0 पथ पी0डब्लू0डी0 बगहा डुमरा से सम्पर्कता प्राप्त है। उक्त पुल स्थल के डाउन स्ट्रीम में 2.0 कि0मी0 पर उच्चस्तरीय पुल निर्मित है।<br>अतः पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

परिशिष्ट–XVIII

सं0 10/अ0प्र0–7–98/21–403

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 21 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय––बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–20/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती भागीरथी देवी द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–20/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 20/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | नरकटियागंज |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती भागीरथी देवी |
| 4 | विषय | बेतिया जिलान्तर्गत प्रखंड गौनाहा के ग्राम–बजड़ा से पडरौना आनेवाली पथ आजादी के समय से कच्ची है, मैं सरकार से मांग करती हूँ कि कच्ची पथ को पक्की बनाया जाय । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ पर अवस्थित ग्राम–बजरा को पी0 एम0जी0एस0वाई0 योजना अन्तर्गत निर्मित पथ दोन कैनाल से बजारा पथ से एवं ग्राम–पडरौना को पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित पथ टी03 से पडरौना से सम्पर्कता प्राप्त है। उक्त बसावटों के अलावा प्रश्नाधीन पथ में अन्य कोई बसावट नहीं रहने के कारण विभाग के किसी कोर नेटवर्क में शामिल नहीं है।<br>अतः पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

# परिशिष्ट–XIX

**सं0 10/अ0प्र0–7–100/21–811**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 08 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–20/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीया स0वि0स0, श्रीमती शालिनी मिश्रा द्वारा शून्यकाल संख्या–20/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 20/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | अरेराज |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्रीमती शालिनी मिश्रा |
| 4 | विषय | पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के ग्राम–दरियापुर में जल निकासी हेतु नाला नहीं है, जिससे सड़क एवं यत्र–तत्र जल–जमाव रहता है, जिससे मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। अतः दरियापुर ग्राम में जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कराया जाय । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन ग्राम–दरियापुर में नाला का निर्माण पंचायत द्वारा करा दिया गया है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–XX**
**सं0 10/अ0प्र0–7–97/21–1001**
**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 11 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–20/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री अवध बिहारी चौधरी द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–20/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल सख्या | 20/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | सिवान–1 |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री अवध बिहारी चौधरी |
| 4 | विषय | सिवान जिला अन्तर्गत टरवॉ मौजे बडईया टोला और बिन्दुसार गॉव के बीच, ओरमा मौजे के सामने नदी पर पुल तथा नवीगंज और जिगना के बीच दाहा नदी पर पुल का निर्माण जो ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत आता है। जनहित में उक्त तीनों पुलों का निर्माण कराने की मांग सरकार से करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न तीनों पुलों से संबंधित है, जिसकी स्थिति निम्नवत् है:–<br>**1. टडवॉ मौजे बडईया टोला और बिन्दुसार गॉव के बीच पुल:–** पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है। पुल स्थल के एक तरफ स्थित टडवॉ मौजे टोला को पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित टी06 से करमली हाता एवं पंचायत द्वारा निर्मित पथ से सम्पर्कता प्राप्त है तथा बडई (बरइया) टोला को आर0सी0डी0 पथ सिवान से लकड़ी एवं पंचायत द्वारा निर्मित पथ से सम्पर्कता प्राप्त है।<br>**2. ओरमा मौजे के सामने नदी पर पुल:–** पुल स्थल ओरमा उत्तर टोला एवं ओरमा मौची (मौजा) के बीच दाहा नदी से निकले पईन पर अवस्थित है, जहाँ पईन की चौड़ाई लगभग 30 मी0 है। ओरमा मौजे को पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित एल031 टी02 दक्षिण टोला ओरमा मुकूँद पथ एवं पंचायत द्वारा निर्मित पी0सी0सी0 पथ से सम्पर्कता प्राप्त है तथा ओरमा उत्तर टोला को एल0ए0ई0ओ0 द्वारा निर्मित पी0 सी0सी0 पथ से सम्पर्कता प्राप्त है। पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के किसी आरेखन पर नहीं है।<br>**3. नवीगंज और जिगना के बीच दाहा नदी पर पुल:–** पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के किसी आरेखन पर नहीं है। पुल स्थल के एक तरफ स्थित नवीगंज को मीरगंज बडहरिया आर0सी0डी0 पथ से सम्पर्कता प्राप्त है तथा जिगना को औराई जिगना आर0सी0डी0 पथ से सम्पर्कता प्राप्त है। पुल स्थल के अप स्ट्रीम में लगभग 1.2 कि0मी0 एवं डाउन स्ट्रीम में लगभग 2.5 कि0मी0 पर पक्का पुल निर्मित है।<br>अतः उपर्युक्त तीनों पुलों का निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

परिशिष्ट–**XXI**

सं0 10/अ0प्र0–7–121/21–328

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

प्रेषक

ई0 अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 19 जनवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा से प्राप्त शून्यकाल सं0–21/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री जय प्रकाश यादव, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल सं0–21/21 का क्रियान्वयन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 21/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | फारबिसगंज |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री जय प्रकाश यादव |
| 4 | विषय | अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के भंगही पंचायत स्थित डुमरिया चौक से नवाबगंज होते हुए सीमा सुरक्षा रोड तक की सड़क के पक्कीकरण करने की माँग सदन के माध्यम से करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पथ शीर्ष MMGSY योजनान्तर्गत मिल्की डुमरिया से नवाबगंज केली टोला के नाम से निर्माणाधीन है। |

विश्वासभाजन,
अशोक कुमार मिश्रा,
अभियंता प्रमुख।

**परिशिष्ट–XXII**

**सं0 10/अ0प्र0–7–113/21–813**

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

प्रेषक

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

सेवा में

अवर–सचिव,
बिहार विधान सभा, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 08 फरवरी, 2022 (ई0)।

विषय—बिहार विधान सभा की शून्यकाल संख्या–21/21 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय स0वि0स0, श्री चेतन आनन्द द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल संख्या–21/21 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शून्यकाल संख्या | 21/21 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | शिवहर |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा0स0वि0स0 | श्री चेतन आनन्द |
| 4 | विषय | मैं शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर ब्लॉक होते हुए शाहपुर चौक भाया सुगिया बाजार परदेशिया तक ग्रामीण विभाग के सड़क को आर0डब्लू0डी0 में अधिग्रहण करने की सरकार से मांग करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ ग्रामीण कार्य विभाग का ही पथ है, जो पी0एम0जी0एस0वाई0 फेज–III अन्तर्गत स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है। तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी । |

अनुरोध है कि उक्त लम्बित शून्यकाल को बिहार विधान सभा के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित लम्बित शून्यकाल की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,
(ह0) अस्पष्ट,
अभियंता प्रमुख।

बि0स0मु0–7–(एल0ए0)–2023–24–डी0टी0पी0–300.

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2023